युवाओं ने दिया संदेश, करें रक्तदान

8307442882

माई सिटी रिपोर्टर 15/sep/22

क्राइस्ट डीम्ड विवि में आयोजित शिविर में 148 युवाओं ने किया रक्तदान

गाजियाबाद। मरियम नगर स्थित क्राइस्ट डीम्ड विवि में बुधवार को रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं ने रक्तदान किया। अमर उजाला फाउंडेशन और सोशल फॉर ह्यूमन राइट्स के सहयोग से लगे इस शिविर में 148 यूनिट रक्त एकत्र हुआ। शिविर में एसएफएचआर के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार चौहान, मुख्य कैंपस प्रशासक फादर सनी जोसेफ, क्राइस्ट के डायरेक्टर फादर डॉ. विजू, डॉ. उर्वशी, डॉ. विनोद कुमार सहित लैब के सदस्य मौजूद रहे।

AMAR UJALA FOUNDATION

शिविर में रक्तदान करते लोग। संवाद

दूसरी बार किया रक्तदान

छात्रा परिणति ने इस शिविर में दूसरी बार रक्तदान किया। उन्होंने बताया कि रक्तदान करने की हमेशा इच्छा होती है लेकिन कई बार शिविर दूर लगते हैं या जरूरतमंद दिल्ली एनसीआर के होते हैं। कैंपस में ही शिविर लगा तो रक्तदान करने का मौका मिल गया।

रक्तदान कर डर हुआ खत्म

मनोज ने पहली बार रक्तदान किया। उन्होंने बताया कि पहली बार रक्तदान करने में दिल डर रहा था लेकिन जब रक्तदान किया तो लगा कि यह बिल्कुल आसान था। डर बेवजह ही था।